भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2248
उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2026

डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके)

2248. श्री बाबू राम निषाद :
श्रीमती किरण चौधरी :
श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा :
श्री मदन राठौड़ :
श्री शंभू शरण पटेल :
श्री चुन्नीलाल गरासिया :
श्री अमर पाल मौर्य :
श्रीमती सीमा द्विवेदी :
श्री मयंककुमार नायक :
श्रीमती दर्शना सिंह :
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े :
श्रीमती माया नारोलिया :
श्री एस. सेल्वागनबेथी :
श्री सुभाष बराला :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने की योजना के अंतर्गत हुई प्रगति की स्थिति क्या है और सर्किल-वार संचालित केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान संसाधित पासपोर्ट आवेदनों की कुल संख्या कितनी है तथा प्रारंभ की गई नई सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवाओं की पहुंच पर इस पहल के प्रभाव का आकलन किया है; और

(घ) यदि हां, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) आज तक की स्थिति के अनुसार, सभी 23 सर्कलों में 452 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) संचालित किए जा रहे हैं। इनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्ष में पुलिस क्लियरेंस प्रमाणपत्र सहित पासपोर्ट आवेदनों की संख्या का विवरण निम्नवत है : 35,05,818 (वर्ष 2023), 32,38,811 (वर्ष 2024) और 39,59,325 (वर्ष 2025)।

(ग) और (घ) जी, हां। मंत्रालय द्वारा पासपोर्ट सेवाओं की सुलभता पर पीओपीएसके विस्तार के प्रभाव का आकलन करने के लिए समय-समय पर मूल्यांकन किया जाता है। लंबी दूरी की यात्रा, समय और संबंधित लागत में काफी कमी आई है, जिससे नागरिकों के लिए पासपोर्ट सेवाओं की सुलभता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही, पीओपीएसके ने अंतिम मील कनेक्टिविटी को बढ़ाया है और पासपोर्ट सेवाओं को देश भर में अधिक समावेशी, किफायती और नागरिकोन्मुखी बनाया है।

*****

अनुबंध

दिनांक 12 मार्च, 2026 के राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 2248 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों की सर्कल-वार संख्या		
क्र. सं.	**सर्कल का नाम**	**पीओपीएसके की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	21
2.	असम	15
3.	बिहार	37
4.	छत्तीसगढ़	09
5.	दिल्ली	05
6.	गुजरात	25
7.	हरियाणा	11
8.	हिमाचल प्रदेश	06
9.	जम्मू और कश्मीर	06
10.	झारखंड	15
11.	कर्नाटक	23
12.	केरल	09
13.	मध्य प्रदेश	25
14.	महाराष्ट्र	42
15.	पूर्वोत्तर	05
16.	ओडिशा	20
17.	पंजाब	09
18.	राजस्थान	24
19.	तमिलनाडु	32
20.	तेलंगाना	14
21.	उत्तर प्रदेश	52
22.	उत्तराखंड	06
23.	पश्चिम बंगाल	41
	कुल	**452**

*****